सत्यमेव जयते

# GOVERNMENT OF INDIA
## MINISTRY OF RAILWAYS
## RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

# NOTICE

**Attention for the Candidates of CEN No. RRC - 01/2019 (Level – 1 Posts)**
**Refund of Examination Fee – Final Chance for Bank Account Details Updation**

1. For refund of examination fee against CEN No. RRC - 01/2019 (Level – 1 Posts) RRB **Notices dated 13.04.2023, 21.04.2023 , 03.05.2023 and 25.04.2024** were published as well as updation link were provided to facilitate such Candidates whose fee refund could not be done due to wrong/incomplete Bank Details.

2. It has been observed that **despite of continuous efforts taken from our end, still fee refund of large number of candidates could not be done due to wrong/incomplete Bank Details, since candidates are either not filling the required details or have filled wrong/incomplete details.**

3. Therefore, it has been decided by the competent authority to **provide one more chance to update their Bank Account and other necessary details. Accordingly, a link will be live from 11.11.2024 (10.00 A.M) to 20.11.2024 (17.00 P.M) to update Bank Account and other necessary details for those candidates whose fee refund could not be done till now**. Candidates whose fee refund could not be made as yet are advised to make use of this final Chance to update their Bank Account and other necessary details.

4. An E-mail and SMS will be sent to all such candidates on registered E-mail ID and mobile no. whose refund could not be made as yet. An OTP authentication will be required during filling of Bank Account Details through the link provided.

5. **Candidates are requested to ensure that the Bank Account Number and IFSC Code entered are correct and advised to carefully check Bank Account Details and IFSC Code before submitting the same.** It may be noted that modification of bank details after submission will not be possible. RRBs shall not be responsible for further failure of refund, if any, on account of incorrect details furnished by the candidates and will not entertain further correspondence in this regard.

**NOTE :**

i. Link will be available from **11.11.2024 (10.00 A.M) to 20.11.2024 (17.00 P.M)** on the official websites of RRBs.
ii. Refund (after deduction of Bank charges) will be admissible subject to verification of the candidate particulars with RRB records.
iii. Incorrect, Incomplete and/or late claims will be summarily rejected.
iv. **ONLY ONE REFUND PER BANK ACCOUNT WILL BE ALLOWED**.

All candidates are advised that they should keep viewing the official website of RRBs regularly for further updates/notices.

Date : 06/11/2024

**Chairpersons**
**Railway Recruitment Boards**

भारत सरकार

रेल मंत्रालय

**रेलवे भर्त्ती बोर्ड**

सत्यमेव जयते

# सूचना

**केन्द्रीकृत रोजगार सूचना सं. आरआरसी-01/2019 (लेवल-1 पद)**
**के अभ्यर्थियों के ध्यानाकर्षण हेतु**

**परीक्षा शुल्क की वापसी - बैंक खाता विवरण अपडेट करने का अंतिम मौका**

1. केन्द्रीकृत रोजगार सूचना सं. आरआरसी - 01/2019 (लेवल -1 पद) के लिए परीक्षा शुल्क वापसी के लिए आरआरबी नोटिस दिनांक 13.04.2023, 21.04.2023, 03.05.2023 और 25.04.2024 प्रकाशित किए गए थे और साथ ही ऐसे उम्मीदवारों की सुविधा के लिए अपडेट लिंक प्रदान किए गए थे, जिनकी फीस गलत/अपूर्ण बैंक विवरण के कारण वापस नहीं की जा सकी थी।
2. यह देखा गया है कि हमारी ओर से लगातार किए गए प्रयासों के बावजूद, अभी भी बड़ी संख्या में उम्मीदवारों की फीस गलत/अपूर्ण बैंक विवरण के कारण वापस नहीं की जा सकी है, क्योंकि उम्मीदवार या तो आवश्यक विवरण नहीं भर रहे हैं या उन्होंने गलत/अपूर्ण विवरण भरा है।
3. इसलिए, सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि उन्हें अपना बैंक खाता तथा अन्य आवश्यक विवरण अपडेट करने का एक और अवसर प्रदान किया जाए। तदनुसार, जिन अभ्यर्थियों का शुल्क रिफंड अभी तक नहीं हो पाया है, उनके लिए बैंक खाता तथा अन्य आवश्यक विवरण अपडेट करने के लिए **दिनांक 11.11.2024 (10.00 बजे) से दिनांक 20.11.2024 (17.00 बजे)** तक एक लिंक लाइव रहेगा। जिन अभ्यर्थियों का शुल्क रिफंड अभी तक नहीं हो पाया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपना बैंक खाता तथा अन्य आवश्यक विवरण अपडेट करने के लिए इस अंतिम अवसर का लाभ उठाएं।
4. ऐसे सभी अभ्यर्थियों को पंजीकृत ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर पर ई-मेल तथा एसएमएस भेजा जाएगा, जिनका शुल्क रिफंड अभी तक नहीं हो पाया है। दिए गए लिंक के माध्यम से बैंक खाता विवरण भरने के दौरान ओटीपी प्रमाणीकरण की आवश्यकता होगी।
5. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे सुनिश्चित करें कि दर्ज किया गया बैंक खाता संख्या तथा आईएफएससी कोड सही है तथा उन्हें सलाह दी जाती है कि वे इसे सबमिट करने से पहले बैंक खाता विवरण तथा आईएफएससी कोड को ध्यानपूर्वक जांच लें। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि सबमिट करने के बाद बैंक विवरण में संशोधन संभव नहीं होगा। अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए गलत विवरण के कारण रिफंड में किसी भी तरह की विफलता के लिए रेल भर्ती बोर्ड जिम्मेदार नहीं होगा तथा इस संबंध में आगे कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।

**टिप्पणी (NOTE) :**

i. रेल भर्ती बोर्ड की आधिकारिक बेबसाइटों पर **दिनांक 11.11.2024 (10.00 बजे) से दिनांक 20.11.2024 (17.00 बजे) तक लिंक उपलब्ध रहेगा** ।
ii. रेलवे भर्त्ती बोर्ड के रिकॉर्ड से अभ्यर्थियों के विवरण के सत्यापन के बाद ही परीक्षा शुल्क वापसी (बैंक शुल्कों की कटौती के बाद) स्वीकार्य होगा।
iii. गलत, अपूर्ण और/या देर से किए गए दावों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।
iv. **एक बैंक खाते में केवल एक रिफंड की ही अनुमति होगी।**

सभी अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि अपडेट/**सूचनाओं** के लिए **रेलवे भर्त्ती** बोर्डों के आधिकारिक वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

दिनांक : 06 / 11 / 2024

अध्यक्ष
**रेलवे भर्त्ती बोर्ड**